प्रेरणा सूची – हिंदी (कक्षा 5)

विषय		दक्षताएँ
सुनकर समझना और प्रतिक्रिया देना	1	किसी पाठ/भाषण/बात को सुनकर या किसी विडियो को देखकर उसके उद्देश्य, सन्दर्भ और मुख्य भाव को समझते हुए अपना विचार बना लेता/लेती है.
	2	किसी पाठ/भाषण/बात को सुनकर उसके बारे में एक तर्कसंगत राय बना लेता/लेती है, पाठ/भाषण/बात को संक्षिप्त में बता लेता/लेती है और निष्कर्ष आधारित प्रश्नों का उत्तर दे पाता/पाती है. (बड़े पाठ)
शब्द-भंडार	3	विभिन्न विषयों और सन्दर्भों के नए शब्दों को बातचीत के आधार पर सीख पाता/पाती है (उसके अर्थ और उपयोग को समझना) और अपने सन्दर्भ में उपयोग कर पाता/पाती है. पाठ के अपरिचित शब्दों पहचान कर व्याकरण के आधार पर अर्थ बता पाता/पाती है
मौखिक अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता	4	किसी बात/बिंदु पर अपनी सोच,विचारों व राय को मौखिक रूप से बता सकता/सकती है और विविधता के साथ वाक्य संरचना का इस्तेमाल करते हुए किसी कहानी को सुना सकता/सकती है
	5	किसी कहानी/घटना के आधार पर किसी पात्र का अभिनय कर पाता/पाती है और संवाद को प्रभावी तरीके से बोल पाता/पाती है.
	6	लय वाले छोटी-छोटी कविताएँ बना लेता/लेती है और किसी परिचित विषय पर संक्षिप्त में भाषण देता/देती है
भाषा संरचना और व्याकरण	7	संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और उपसर्ग, प्रत्यय के उपयोग को अच्छी तरह समझ कर उसे लिखने और बोलने में उपयोग करता/करती है
	8	परिचित शब्दों के विपरीतार्थक और सामानार्थी अर्थ को जानती/जानता है.
	9	लेखन के दौरान विराम चिह्नों का उचित उपयोग कर पाता/पाती है और स्वयं लेखन की त्रुटियाँ सुधार पाता/पाती है
धाराप्रवाह पठन	10	अपने स्तर के विविध तरह के पाठ को उपयुक्त उतार-चढ़ाव, शुद्धता और गति के साथ पढ़ पाता/पाती है.
पढ़कर समझना	11	ग्रेड 5 के स्तर के पाठ (अलग-अलग शैली के) को समझते हुए पढ़ सकता/सकती है और उसके बारे में अपनी बात/विचार रख सकता/सकती है
	12	पाठ में से मुख्य जानकारी निकाल सकता/सकती है, 2 या अधिक पाठ्यांशों के आधार पर पाठ के बारे में निष्कर्ष निकाल सकता/सकती है, पाठ को पूरी तरह पुनः सुना सकता/सकती है ।
	13	विभिन्न प्रकार की वाक्य संरचनाओं से अर्थ निर्माण कर सकता/सकती है
	14	पाठ से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़े हुए प्रश्नों के उत्तर में 5-7 वाक्यों में संरचनाबद्ध जवाब लिख सकता/सकती है
लेखन	15	किसी विषय/कहानी पर 7-8 और उससे ज्यादा वाक्यों वाला पाठ/लेख लिख सकता/सकती है
	16	7-8 वाक्यों के सन्देश वाले पत्र और आवेदन लिख सकती/सकता है